बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना

5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001

(वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in)

संदर्भः–विज्ञापन संख्या–04/2025

विषयः–अभिलेख सत्यापन के संबंध में आवश्यक सूचना

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा गृह विभाग (कारा) के अंतर्गत सहायक अधीक्षक भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO) के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–04/2025 के क्रम में मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक–30.03.2026 (सोमवार) को आयोग कार्यालय पटना में आयोजित किया जायेगा।

(2) अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम– पूर्वाह्न 09:30 बजे।

(पूर्वाह्न 10:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जायेगा)

(3) अभिलेख सत्यापन के अवसर पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने मुख्य परीक्षा के प्रवेश–पत्र तथा अपने ऑनलाइन आवेदन–पत्र की पावती की छायाप्रति के अतिरिक्त निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उनकी एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :–

(i) वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र जैसे– मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि।

(ii) जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति)।

(iii) स्नातक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र। ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो मैट्रिकुलेट हैं वे 15 वर्ष तक सशस्त्र सेना में सेवा के आधार पर सेना से प्रदत्त स्नातक उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे।

(iv) अभ्यर्थियों को अपना पी0पी0ओ0 तथा डिस्चार्ज बुक लाना अनिवार्य होगा।

(v) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)।

(vi) क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र एवं प्रपत्र–xviii B (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। क्रीमीलेयर रहित (NCL) प्रमाण–पत्र।

(vii) बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए)।

(viii) बिहार राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य (यदि लागू हो तो) होने संबंधी वित्तीय वर्ष 2024–2025 की आय के आधार पर निर्गत प्रमाण–पत्र, बिहार

सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक–26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में।

(ix) बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतिनी होने संबंधी प्रमाण–पत्र।

3. सभी उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या–04/2025 के सभी शर्तों, विहित प्रक्रिया, निर्देश एवं प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।

ह0/–
अध्यक्ष,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा–01–07/2024–**343** दिनांक–**18.03.2026**

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,
5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001